Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7453	14.06.2023	15.06.2023	Aurangabad Bihar	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/bihar/bihar-50-people-fell-ill-after-eating-wedding-food-in-aurangabad-doctors-said-food-poisoning-2023-06-14
Title:	**50 People fell ill after eating wedding food in Aurangabad, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Aurangabad, SSU- Bihar			

बिहार में फिर बारात में खाना खाने के बाद लगभग 50 आदमी बीमार हो गए। आननफानन में सभी को पीएचसी में भर्ती कराया गया। विशेष रूप से गंभीर लोगों को औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। मामला देव प्रखंड के तिलौता बिगहा गांव का है। डॉक्टरो ने कहना है कि फूड प्वायजनिंग से लोग बीमार हुए हैं।

घर लौटने के बाद तबियत हुई ख़राब

मंगलवार की शाम दिलीप यादव के बेटे की बारात पास के प्रखंड मदनपुर के चंदौली गांव के विश्वकर्मा यादव के यहां गयी थी। वहां पहुंचने के बाद बारात दरवाजा लगने के बाद बारातियों के खाने पीने की बारी आई। बारातियों को भोजन कराया गया। नजदीक होने के कारण सभी बाराती वापस लौट भी गए। सुबह (बुधवार) होते ही अचानक से बारात गए लोगों की हालत खराब होने लगी। एक-एक कर चार दर्जन से अधिक को उल्टी दस्त होने लगा। गांव में अफरातफरी मच गई। आननफानन में लगभग 50 लोगों को देव प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी का इलाज किया। इलाज के बाद सबकी सेहत में सुधार है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

चिकित्सकों ने बताया फूड प्वायजनिंग

इलाज कर रहे चिकित्सकों का कहना है कि फूड प्वायजनिंग और इनडायजेशन की वजह से लोग बीमार हुए हैं। मामले की जानकारी मिलने पर तिलौता बिगहा के वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव अस्पताल पहुंचे। बीमार लोगो का हालचाल जाना।

दो दिन पहले भी फूड प्वायजनिंग से पांच दर्जन लोग हुए थे बीमार

पिछले सप्ताह भी रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथू थाना के मंझौली गांव में शादी समारोह में फूड प्वायजनिंग से पांच दर्जन लोग बीमार हो गए थे। आननफानन में सभी को स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया। दर्जन भर लोगों की गंभीर हालर देखते हुए सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचाया गया जहां सबका इलाज हुआ। बीमारों में बच्चे बूढ़े महिलाएं सभी शामिल थे।